सार-समाचार

विद्यापीठ में बसंतोत्सव का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ में बसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कुलपति कर्नल प्रो एसएस सारंगदेवोत कुलप्रमुख भंवर लाल गुर्जर द्वारा मां सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर आरती की गई। कुलपति प्रोफेसर सारंग दिवस में बसंत पंचमी मनाने का उद्देश्य और महत्व बताते हुए कहा कि हर वर्ष माघ महीने में शुक्ल पक्ष की पांचवी तिथि को बसंत पंचमी मनाई जाती है. यह दिन विद्या की देवी मां सरस्वती जन्मोत्सव के रूप में पूजा अर्चना के लिए समर्पित होता है । उन्होंने कहा कि जब ब्रह्माजी ने देवी सरस्वती को प्रकट किया, तो वसंत ऋतु का आगमन हुआ. इसलिए, बसंत पंचमी को देवी सरस्वती के प्राकट्यय दिवस के रूप में भी मान्यता है। बसंत पंचमी का त्योहार ज्ञान, विद्या और कला के महत्व को दर्शाता है इस अवसर पर कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामना देते हुए कहा कि बसंत पंचमी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद पीले वस्त्र धारण करना शुभ होता है। पूजा के दौरान पीले फूल और पीले मिष्ठान का भोग मां को प्रसन्न करता है। इस अवसर पर डॉ सरोज गर्ग, डॉ राजेंद्र सिंह डॉक्टर बलिदान जैन डॉक्टर अमी राठौड़ डॉ रचना राठौर डॉक्टर सुनीता मौर्य डॉक्टर अपर्णा श्रीवास्तव डॉक्टर एजाज हुसैन डॉक्टर रोहित कुमावत डॉक्टर सुभाष महेंद्र वर्मा डॉक्टर तिलकेश अमित डॉक्टर रेखा कुमावत के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

छाया चौबीसा मिला माणक अलंकरण

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर की छाया चौबीसा को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने जयपुर में माणक अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया है। जयपुर स्थित मिनी ऑडिटोरियम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित माणक अलंकरण समारोह वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 के माणक अलंकरण प्रदान किए गए। इनमें जनसंपर्ककर्मी श्रेणी का विशिष्ट पुरस्कार सहायक निदेशक जनसंपर्क विभाग डूंगरपुर की श्रीमती छाया चौबीसा को प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावात, अध्यक्ष हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुधी राजीव, विशिष्ट अतिथि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार एवं विद्वान अनुवादक पद्मश्री श्री सी पी देवल एवं श्री पदम मेहता ने श्रीमती चौबीसा को सम्मान स्वरूप समृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, प्रोत्साहन राशि, श्रीफल, माला, कलम, शॉल प्रदान किए। इस अवसर पर राजनीतिक विश्लेषक और ए वन टीवी न्यूल चैनल हेड श्री अनिल लोढा, राजस्थानी भाषा के विख्यात साहित्यकार श्री नंद भारद्धाज, वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार फारूक आफरीदी, सेवानिवृत अतिरिक्त निदेशक श्री गोपेन्द्र भट्ट, सेवानिवृत अतिरिक्त निदेशक श्री अरूण जोशी, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क मनमोहन हर्ष सहित बडी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, गणमान्य नागरिक एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहें।

पेड़ से गिरने से युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के लांबा भाटडा गांव में मंगलवार को एक युवक की पेड से गिरने से मौत हो गई। पशुओं के लिए खाखरे के पेड से पत्ते तोड़ते समय नीचे गिरने से युवक घायल हो गया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लांबा भाटडा निवासी धनजी कोटेड अपने घर के पास पहाडी पर पशुओं के लिए खाखरे के पेड से पत्ते तोड रहा था। इसी दौरान वह अचानक पेड से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद अन्य चरवाहों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल धनजी को पहले बिछीवाडा अस्पताल और फिर रेफर करने पर डूंगरपुर जिला अस्पताल ले गए,लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड दिया। बिछीवाडा थाने के हेड कॉनि. शिवलाल के अनुसार पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गीली लकड़ी से भरे दो ट्रक पकड़े

डूंगरपुर, (निसं)। सीमलवाडा वन विभाग ने राजस्थान-गुजरात बॉर्डर पर कार्यवाही करते हुए अवैध लकडी तस्करी का भंडाफोड किया है। पूनावाडा बॉर्डर के पास वन विभाग की टीम ने गीली लकडियों से भरे दो ट्रक जब्त कर ड्राइवरों को हिरासत में ले लिया है। सीमलवाडा के क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेश निनामा के नेतृत्व में उपवन संरक्षक और सहायक वन संरक्षक के निर्देश पर पूनावाडा कुंआ सडक पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान तिरपाल से ढके दो संदिग्ध ट्रक गुजरात की ओर जाते हुए दिखाई दिए। जांच में दोनों ट्रकों में नीम, बबूल, सुरैल और अडूसा जैसी प्रजातियों की इमारती और जलाऊ लकडियां बरामद हुईं। पूछताछ में ड्राइवरों ने बताया कि एक ट्रक में पाडवा और दूसरे में भेडआ क्षेत्र से लकडियां भरी गई थी। ड्राइवरों के पास लकडी परिवहन के आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले, जिसके बाद वन विभाग ने दोनों वाहनों को जब्त कर रेंज कार्यालय ले जाया। वन विभाग की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध लकडी तस्करी के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

नकदी हड़पी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ माल खरीद कर पीडित को भुगतान नहीं कर लाखों की नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अंकुश मालपानी पुत्र राधेश्याम मालपानी ऑपरेटर मैसर्स आरआर इंडस्ट्रीयल आर्ची पेरेडाईस अपार्टमेंट ने कल्पेश भाई डाईभाई पटेल निवासी अहमदाबाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं कॉपर सल्फेट बेचने का कारोर करता हूं। करीब तीन चार वर्ष से आरोपी मुझसे माल खरीद रहा है। विश्वास होने पर गत दिनों आरोपी ने मुझे अन्य कंपनी को माल दिलवाया तथा उसके पेटे 14 लाख रूपये स्वयं ने प्राप्त कर मुझे नहीं दिए। इसका पता चलने पर पडताल की तो आरोपी द्वारा कुल20 लाख रूपये नकदी हडपने की जानकारी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

नीम हकीम को जेल भेजा

उदयपुर, (कासं)। सायरा थाना पुलिस ने नीम हकीम को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ.अंकित पुरोहित पुत्र गोपाल लाल निवासी मेडिकल अधिकारी सीएचसी पदराड़ा सायरा ने पुलिस थाने मतें टी के बाबा उर्फ मापोश कुमार पत्रु मुकुन्दबाला निवासी पिश्चम बंगाल हॉल तरपाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया आरोपी अवैध तरीके से एलोपेथी दवाओं का उपयोग कर आम जन का उपचार कर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। मामले में सायरा थाना हेडकांस्टेबल यशवन्तसिंह ने आरोपी नीम हकीम टीके बाला उर्फ तापोश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अज्ञात युवक का शव मिला

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में अज्ञात युवक का शव लहुलुहान हालत में मिला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षैत्र नाकोड़ा नगर में मंगलवार को एक युवक का लहुलुहान हालत में शव पड़ा होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित, प्रतापनगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां 40 वर्षीय युवक का शव लहुलुहान हालत में पड़ा मिला। जिसके सिर, चेहरे व शरिर पर धार दार चोट के निशान पाए गए। जिसकी शिनाख्तगी नहीं हो पाई। इस पर पुलिस ने मौके से मृतक का शव उठा एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मामले में हत्या का मामला मानते हुए मृतक की शिनाख्त की एवं आरोपियों की तलाश के संबंध में पडताल शुरू की।

'फार्मर रजिस्ट्री से ही किसानों को मिलेगा योजनाओं का लाभ'

उदयपुर, (कासं)। किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का सुगमता पूर्वक लाभ पहुंचाने की मंशा से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में 5 फरवरी से प्रदेश भर में एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री अभियान प्रारंभ होगा। इसके तहत हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करते हुए उन्हें 11 डिजिट की विशेष आईडी जारी की जाएगी। उदयपुर जिले में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला

■ **योजनाओं का लाभ पहुंचाने अधिक से अधिक किसानों की हो फार्मर रजिस्ट्री : जिला कलक्टर**



फार्मर रजिस्ट्री अभियान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

कलेक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट परिसर स्थित डिओआईटी वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में अभियान से जुड़े विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं तहसीलदार भी वीसी के माध्यम से जुड़े। जिला कलक्टर मेहता ने जिले में विभिन्न पंचायत मुख्यालयों पर बुधवार से आयोजित हो रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के संबंध में दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में ज्यादा से ज्यादा किसानों की डिजिटल फार्मर आईडी बनाने हेतु स्थानीय किसानों को प्रेरित करें। ई-केवाईसी ऑपरेटर की मैपिंग शीघ्र पूरी करें, विभिन्न तहसीलों में शिविरों से सम्बंधित नियंत्रण कक्षों को सुचारू करें।

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही भविष्य में किसानों को संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा, ऐसे में अधिक से अधिक किसानों की डिजिटल आईडी शिविरों के माध्यम से बनवाना सुनिश्चित करें। मेहता ने कहा कि किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों के अलावा अन्य किसानों की भी फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनवानी है। वीसी में मेहता ने ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि 8 फरवरी तक पुनर्गठन संबंधित प्रस्ताव आवश्यक रूप से भिजवाने, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन सहित सभी हितधारकों के सुझाव स्वीकार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मेहता ने विभिन्न उपखंडों के खाद्य सुरक्षा आवेदन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले पूर्व के प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करें तथा आमजन को ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान करें। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, प्रशिक्षु आईएएस माधव भारद्वाज, सोनिका कुमारी, शुभम अशोक, कार्यवाहक सीएमएचओ रागिनी अग्रवाल, संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) सुधीर वर्मा सहित सहकारिता, पशुपालन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा वीसी के माध्यम से जिले के उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे। अभियान के प्रथम चरण में जिले की सभी तहसीलों की चयनित दो-दो ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 5 से 7 फरवरी तक शिविर होंगे।

महासम्मेलन 18 से 20 अप्रेल तक

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक डेन्टल कॉलेज एवं हॉस्पीटल, देबारी, उदयपुर एवं एशियन हेड एण्ड नेक केंसर फाउन्डेशन एवं कम्पास केंसर अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में दूसरी अंतर्राष्ट्रीय कांठोस डेन्टल ऑन्कोलोजी एवं रिसर्च कान्फ्रेंस 18 से 20 अप्रेल तक पेसिफिक डेन्टल कॉलेज, देबारी में आयोजित की जायेगी जिसमें देश और दुनिया से 200 से 300 दंत चिकित्सक एवं मुख केंसर स्पेशयलिस्ट भाग लेंगे। कान्फ्रेंस का मुख्य विषय मुख केंसर जागरूकता, बचाव एवं रोकथाम के तरीके, इलाज की नवीनतम तकनीकें, बायोप्सी के विभिन्न तरीकों पर गहन मंथन में विभिन्न दंत चिकित्सक अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस सम्मेलन के माध्यम से देश और दुनिया के दंत चिकित्सकों को मुख के केंसर के बचाव, जल्दी निदान एवं ओरल रिहैबिलिटेशन के लिए शशक्त बनाया जायेगा। मंगलवार 4 फरवरी को विश्व केंसर दिवस के मौके पर इस कान्फ्रेंस के पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमें पेसिफिक डेन्टल कॉलेज एवं हॉस्पीटल के प्रिंसिपल डॉ. भगवानदास राय, डॉ. मोहित पाल सिंह (वाईस प्रिंसिपल), डॉ. हिमांशु गुप्ता (ओरल सर्जरी विभागाध्यक्ष) आदि मौजूद थे।

माय ऑफिस-क्लीन ऑफिस अभियान में जिला परिषद रहा अव्वल

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में शुरू किए गए माय ऑफिस-क्लीन ऑफिस अभियान अंतर्गत जिला परिषद राजसमंद को जिला मुख्यालय स्थित सबसे स्वच्छ और सुंदर राजकीय कार्यालय घोषित किया गया है।

इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने कहा है कि यह उपलब्धि एक टीम प्रयास का परिणाम है, जिसमें प्रत्येक कार्मिक की सक्रिय भागीदारी और जिला परिषद की सफाई रणनीतियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। माय ऑफिस-क्लीन ऑफिस अभियान के तहत जिला कलक्टर के निर्देशन में गठित दल द्वारा जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कार्यालयों का निरीक्षण कर स्वच्छता का आंकलन किया गया था जिसमें जिला परिषद सर्वाधिक स्वच्छ और सुंदर पाया गया। अभियान के बाद अन्य कार्यालयों में भी स्वच्छता की स्थिति पहले से काफी बेहतर पाई गई।

सीईओ बृजमोहन बैरवा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा ने बताया कि कार्यालय में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कई रणनीतियां बनाई गई हैं और इनका पालन भी पूरी तरह से किया जा रहा है।

एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा ने बताया कि जिला परिषद में स्वच्छता को दैनिक दिनचर्या में शामिल कर सभी कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। अभियान अवधि के अलावा भी नियमित रूप से कार्यालय की सफाई की जाती है, साथ ही कचरा निपटान की भी व्यवस्था की गई। दिन में अलग-अलग समय पर सफाई संबंधी गतिविधियां की जाती है जिससे कि टुकडों में सफाई होकर दिनभर स्वच्छता बरकरार रहती है। कर्मचारियों को प्रतिदिन कार्यालय से निकलने से पहले गंदगी साफ कर ही कचरा निस्तारित कर निकलने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा नियमित सफाई के दौरान डस्टिंग, फर्श की सफाई, कूडे का निपटान और टॉयलेट्स की सफाई पर ध्यान दिया गया। कार्मिकों द्वारा भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाता है।

सीईओ बृजमोहन बैरवा की पहल से जिला परिषद जिले का पहला पूर्ण रूप प्लास्टिक मुक्त परिसर भी बना है। उनके द्वारा कार्यालय परिसर में प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। बैठकों और अन्य आयोजनों में भी प्लास्टिक की बोतलों के बजाय स्टील, ग्लास और मिट्टी की बोतलें उपयोग में ली जा रही है। प्लास्टिक फाइल कवर भी नहीं खरीदने के निर्देश दिए गए हैं।

सीईओ और एसीईओ द्वारा नियमित रूप से सभी कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जाता है। एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा के साथ एक समर्पित टीम लगाई गई है, जो नियमित रूप से कार्यालय की सफाई व्यवस्था की निगरानी करती है। उन्होंने कर्मचारियों को प्रेरित किया है कि वें अपने कार्यस्थल को स्वच्छ और व्यवस्थित रखें। प्रत्येक शाखा के शाखा प्रभारी को स्वच्छता प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो अपनी शाखा की सफाई की गुणवत्ता की निगरानी करते हैं। कार्यालय परिसर में एक सुंदर गार्डन स्थित है जिसे भी बहुत ही अच्छे तरीके से मेंटेन किया हुआ है। यहां पौधों को पानी देना, उन्हें सजाना और सूखी पत्तियों को हटाना पौधों की देखभाल और वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि वातावरण स्वच्छ और हरित रहे।

अपहरण करवाने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। एक करोड़ की फिरोती के लिए भूमि व्यापारी का हिस्ट्रीशिटर ईमरान कुंजड़ा के जरिये अपहरण करवाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

शहर के सविना थाना पुलिस ने एक करोड़ की वसूली के लिए भूमि व्यवसायी का शहर के कुख्यात हिस्ट्रीशिटर ईमरान कुंजड़ा के जरिये अपहरण करवाने के मामले में साजिशकर्ता मो. युसुफ उर्फ कालु भाई एमडी पुत्र छोटू खां निवासी रजा कॉलोनी मैन रोड़ मुर्शीदनगर हिरणमगरी सेक्टर 12 को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार सविना पुलिस थाने के प्रकरण संख्या 588/24 अपहरण एवं फिरौती के मामला दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजयसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने कुख्यात हिस्ट्रीशिटर इमराज हुसैन उर्फ ईमरान कुंजडा पुत्र मो. युसुफ कुंजड़ा निवासी कुजरवाड़ी धानमण्डी हाल रजा कॉलोनी मल्लातलाई अम्बामाता को गिरफ्तार कर पांच दिन का रिमाण्ड लिया था।

एक पकड़ा

बांसवाड़ा, (निसं)। खमेरा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रमेशचंद्र सेन ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला, एएसपी राजेश भारद्वाज एवं घाटोल वृत्ताधिकारी महेन्द्र कुमार के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम गठित की।

वर्तमान विधानसभा सत्र में अधिकांश कार्य हो रहा पेपरलेस : देवनानी

उदयपुर, (कासं)। तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी के नवाचारों के माध्यम से राजस्थान विधानसभा को देश की एक श्रेष्ठ विधानसभा बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में जारी विधानसभा सत्र के दौरान इन नवाचारों का सकारात्मक असर देखने को मिला है। अगले सत्र से विधानसभा के कामकाज पूरी तरह पेपर लेस कर दिए जाएंगे। यह बात राज्य विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव

■ **उदयपुर आए देवनानी ने मीडिया के साथ साझा किए नवाचारों के अनुभव**

पत्रकारों से मुखातिब होते विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।

देवनानी ने अपने उदयपुर प्रवास के दौरान मंगलवार को सर्किट हाउस में मीडिया के साथ चर्चा के दौरान कही।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि विधानसभा की सभी 200 सीटों पर आईपैड टैबलेट लगाए गए हैं। सदस्यों को उनके उपयोग के बारे में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है। वर्तमान सत्र का अधिकांश कार्य इन्हीं के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। सदन में 12 टेक्नीशियन तैनात किए गए हैं जो सदस्यों को किसी भी प्रकार की तकनीकी मदद के लिए तत्पर रहते हैं। प्रयास किये जा रहे हैं कि सभी सदस्य ऑनलाइन कार्यप्रणाली में प्रवीण हो जाए एवं पूरा सदन पेपरलेस तरीके से चलने लगे। अभी तक की प्रगति को देखते हुए अगले सत्र में विधानसभा के कार्य शत प्रतिशत पेपरलेस हो जाने की उम्मीद है। सर्किट हाउस में पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी, समाजसेवी मांगीलाल जोशी, गजपाल सिंह, पुष्कर तेली सहित कई गणमान्य लोगों ने विधानसभाध्यक्ष का स्वागत किया। देवनानी ने कहा कि पेपरलेस व्यवस्था से सदस्यों को काफी सुविधा हो रही है एवं समय की बचत हो रही है। सदस्यों को अपने प्रश्नोंके ऑनलाइन उत्तर मिल जाने से वे सीधे ही पूरक प्रश्न कर रहे हैं इससे विधानसभा की उत्पादकता में वृद्धि हो रही है।

देवनानी ने कहा कि इस बात के पूरे प्रयास किया जा रहे हैं की विधानसभा सदस्यों द्वारा पटल पर रखे गए सभी प्रश्नों के उत्तर समय पर मिल सके। उच्चाधिकारियों को इस बात से अवगत कराने के पश्चात पूर्ववर्ती विधानसभाओं के अनुत्तरित पांच हजार प्रश्नों में से अब सिर्फ बारह सौ प्रश्नों के उत्तर आना बाकी रह गए हैं। पिछले बजट में पटल पर रखे गए दस हजार में से नौ हजार दो सौ पचास प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए जो कि लगभग 92 प्रतिशत हैं। देवनानी ने कहा कि विधानसभा अपनी परंपरा नियम एवं सिद्धांतों से चलेगी। इसके सुचारू संचालन के लिए सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक के परिणाम भी सकारात्मक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि नियमों के तहत सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अधिकार है। सदन में अनुशासन बनाए रखना अति महत्वपूर्ण है।

सार-समाचार

अपहरण का इनामी आरोपी गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। अरथूना थाना पुलिस ने दो साल से फरार जिला स्तरीय वांछित टॉप टेन में शामिल इनामी अपहरण के आरोपी को गुजरात से आने पर गिरफ्तार किया। थानाधिकारी प्रकाशचंद्र ने बताया कि 3 अप्रेल 2023 को प्रार्थी कलु पारगी निवासी नयातलाब थाना गढ़ी ने रिपोर्ट दी कि दोपहर लगभग 3 बजे वह कुवालिया में विवाह समारोह से अपनी मंगेतर सीमा के साथ मोटरसाईकिल लेकर वापस अपने घर नयागांव जाने निकला था। रास्ते में आंजना से पहले डामर रोड पर एक दुकान के पास कच्चे रास्ते पर बोलेरो जीप खड़ी थी जैसे ही वे उस बोलेरो के पास आये इतने में एक व्यक्ति उतरा व मुझे हाथ मारकर रोका मेरे रूकते ही बोलेरो के अन्दर से तीन व्यक्ति उतरकर आये व आते ही मेरी मंगेतर को पकडक़र ले जाने लगे। मैंने विरोध किया तो मेरे साथ लातों-मुक्को से मारपीट की एवं मेरी मंगेतर सीमा का अपहरण कर बोलेरो जीप में डालकर लेकर भाग गये। यह घटना मैंने मेरे जिजाजी अशोक व मेरे भाई राजु को बताई तो दोनो मौके पर आये। हमने इधर-उधर पता किया तो मेरी मंगेतर सीमा को साल भर पुर्व संजय पुत्र सोमा सिंघाडा निवासी सिंघाडो का पारडा भगा कर ले गया था। इस कारण संजय व उसके 8-9 साथी सीमा को जबरदस्ती अपहरण कर ले गये है। प्रार्थी ने बताया कि सीमा से उसका रिश्ता डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था तब से वे एक-दूसरे के घर आते-जाते रहते हैं। सीमा चार दिन पहले ही प्रार्थी के घर गेहूं की फसल काटने के लिये आयी थी। सीमा के भाई चीकू की मोटरसाइकिल प्रार्थी के घर पर थी। उस मोटरसाइकिल पर वह विवाह समारोह में शामिल होने के लिये कुंवालिया गये हुए थे और राह में यह हादसा हुआ। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले में आरोपी संजय, जयन्तीलाल, कमलेश उर्फ मुकेश, मुकेश ताबियाड, बदजी उर्फ बदामीलाल, भारता उर्फ भरत को गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के बडगांव थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बेची हुई जमीन दुबारा बेच कर पीडित के साथ धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित श्यामलाल माली पुत्र मोतील7ाल माली निवासी साबलपुरा चंगेडी मावली ने आरोपी सविना खेड़ा निवासी गोपाल चन्दानी व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैने 20 मार्च 23 को एक शांता नामक महिला का भूखण्ड आरोपी से भूखण्ड खरीदा था। उक्त भूखण्ड का नामांतरण खुलवाने के लिए पटवार मंडल में संपर्क किया तो पटवारी ने उक्त भूखण्ड का पूर्व में किसी अन्य के नाम होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

सूने मकान से चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थानाक्षैत्र में स्थित सूने मकान का ताला तोड़ कर चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिरणमगरी सेक्टर 11 सविना निवासी डॉ. बी एल शाह के सूने मकान का अज्ञात चोर 2 फरवरी रात में ताला तोड़ कर सामन व अन्य वस्तु चुरा ले गए। डॉ. बीएल शाह गत दिनों पत्नी का उपचार कराने के लिए बाहर गए थे। इस दौरान मकान सूना था। सूचना मिलने पर संबंधी महेन्द्रसिंह चौधरी पुत्र फतहलाल निवासी महादेव कॉम्पलेक्स शोभागपुरा ने मौके पर पहुंच पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक पूछताछ में चांदी के सिक्के चोरी होने की जानकारी सामने आई है। मकान मालिक के आने पर ही चोरी गए माल की सूची मिल पाएगी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

बजरी से भरे दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त

कपासन, (निसं)। कपासन थान पुलिस ने गत रात्रि को अवेध रुप से गांव उमंड क्षेत्र में बजरी परिवहन करते हुए बजरी से भरा दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर खनिज विभाग को कार्यवाही करने के लिए सूचित किया। कपासन पुलिस थाना सीआई रतन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव उमंड क्षेत्र में गत रात्रि को अवेध रूप से दो ट्रेक्टर ट्राली में बजरी परिवहन करने की पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। जहां बजरी से भरा दो टेक्ट्र ट्रॉली को जब्त कर कपासन पुलिस थाना लाया गया। जिसकी सूचना खनिज विभाग को दी। सूचना पर खनिज विभाग के अधिकारी थाने में भी पहुंचे थे।

मोही में तीन दिवसीय शिविर आज से

राजसमंद, ०(निसं)। जिला मुख्याल के समीपवर्ती मोही कस्बे में राम चौक चौराहे पर जिला प्रशासन की ओर से तीन दिवसीय आधार कार्ड से जमीन को जोडने के लिए शिविर का आयोजन बुधवार से शुरू होगा। इसकी तैयारी के लिए मंगलवार को राजसमंद तहसीलदार विजय कुमार रेगर, विकास अधिकारी महेश कुमार गर्ग, उप सरपंच दिग्विजय सिंह भाटी, भू अभिलेख निरीक्षक कमर दान चारण, धनेश महेला, पटवारी कुलदीप कुमार एवं ग्राम विकास अधिकारी निधि आचार्य, हीरालाल कुमावत, रमेशचंद्र टांक, सुरेशचंद्र पूर्बिया आदि ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सड़क हादसे में स्कूली छात्रा की मौत

उदयपुर, (कासं)। जिले के बैकरिया थाना क्षैत्र में जीप ने स्कूली छात्रा को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार बैकरिया थाना क्षैत्र तिलोई गांव निवासी झूमकु कुमारी (18) पुत्री रताराम की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। झमकु मेरपुर स्थित राजकीय विद्यालय कक्षा ग्यारह की छात्रा थी। जो सोमवार सांय स्कूल से छुट्टी होने पर पैदल पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान जीप ने उसे चपेट में ले लिया था। हादसे में गंभीर घायल होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल विजय ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

विवाहिता ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना क्षैत्र में विवाहिता ने विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलिम मेरपुरा बैकरिया निवासी इन्द्राबाई (26) पत्नी श्रवण कुमार ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया। हादसे में अचेतहोने पर उसे परिजनों ने एमबी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल विजय ने पीहर पालसा बैकरिया से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजदूगी में मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या करने की जानकारी सामने आई है।

यूसीसीआई में सेमिनार कल

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा उदयपुर इण्डस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेन्ट एण्ड रिसर्च सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार, प्रात: 9.30 बजे यूसीसीआई भवन में 'ई.पी.आर.: स्ट्रेटेजीस फॉर वेस्ट मैनेजमेन्ट एण्ड प्रोड्यूसर्स अकाउन्टेबिलिटी' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सैना तथा सी.ई.ई., नई दिल्ली के निदेशक प्रभजोत सोढी मुख्य वक्ता रहेंगे।यूसीसीआई के अध्यक्ष एम.एल. लूणावत ने बताया कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अपशिष्ट प्रबन्धन एवं पर्यावरण संरक्षण नियमों के तहत ई.पी.आर. की अनुपालना को अनिवार्य किया गया है। ई.पी.आर. इस अवधारणा पर आधारित है कि उत्पन्न अपशिष्ट के प्रबन्धन की प्राथमिक जिम्मेदारी उत्पाद के निर्माता की स्वयं की है। इन नियमों का उल्लंघन अथवा अनुपाल